पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने विधान परिषद सदस्यों के निर्वाचन की अधिसूचना हेतु अनुमोदन प्रदान किया

लखनऊ: 4 अप्रैल, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 13 निर्वाचित सदस्यों के स्थानों को भरने हेतु अधिसूचना जारी करने के लिए अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 13 निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 5 मई, 2018 को समाप्त हो रहा है। रिक्त सदस्यों हेतु द्विवार्षिक निर्वाचन की अधिसूचना 9 अप्रैल, 2018 को जारी होगी तथा 26 अप्रैल, 2018 को मतदान होगा।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल अधिसूचना के माध्यम से राज्य विधान परिषद के रिक्त सदस्यों के स्थानों को भरने के लिए विधान सभा सदस्यों से अपेक्षा करते है कि राज्य की विधान परिषद के लिए रिक्त सदस्यों को निर्वाचित कर दें।

अंजुम/ललित/राजभवन (135/7)